‘आज़ादी का अमृत महोत्सव’ के भाग के रूप में 33/11 केवी के प्रथम जीआईएस सब-स्टेशन का उदघाटन

30 अक्तूबर 2021

भारत सरकार की आईपीडीएस योजना के अंतर्गत 33/11 केवी जीआईएस सब-स्टेशन का उद्घाटन आज राजस्थान के जयपुर में किया गया। पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी), एक महारत्न सीपीएसई कंपनी और भारत की अग्रणी विद्युत क्षेत्र केंद्रित गैर-बैंकिंग वित्तीय फर्म, आईपीडीएस योजना के तहत निष्पादित परियोजना के लिए नोडल एजेंसी है और जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (जेवीवीएनएल) इस परियोजना के लिए कार्यान्वयन एजेंसी है।

33/11 केवी जीआईएस सब-स्टेशन का उद्घाटन वर्चुअल माध्यम से डॉ बी.डी. कल्ला, विद्युत मंत्री, राजस्थान सरकार, श्री भास्कर सावंत, अध्यक्ष डिस्कॉम, श्री नवीन अरोड़ा, एमडी, जेवीवीएनएल, श्री अमीन काजी, विधायक, किशन पोल, श्री डीसी अग्रवाल, मुख्य अभियंता, जयपुर जोन, श्री डीके शर्मा, सीई, पीपीएम, श्री एके त्यागी, एसई, जयपुर शहर और पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारी की उपस्थिति में 'आजादी का अमृत महोत्सव' समारोह के भाग के रूप में किया गया, जो भारत की आजादी के 75 साल का प्रतीक है।

राज्य की राजधानी के जनाना अस्पताल परिसर में उद्घाटन किया गया 33/11 केवी जीआईएस सब-स्टेशन राजस्थान का पहला जीआईएस सब-स्टेशन है, जिसे 8.00 करोड़ रुपये के निवेश से बनाया गया है। सब-स्टेशन से जयपुर के चांदपोल के आसपास के क्षेत्र के करीब 5000 घरों को दक्ष विद्युत आपूर्ति से लाभ होगा। अत्याधुनिक सब-स्टेशन स्काडा समर्थ है और इसे रिमोट कंट्रोल के माध्यम से चालू किया गया था। जीआईएस सब-स्टेशन के कामकाज को केंद्रीय नियंत्रण कक्ष द्वारा दूरस्थ स्थान से नियंत्रित किया जा सकता है।

विद्युत मंत्रालय
भारत सरकार
JVVNL
vaibhav
shirish.ingle
Skype
लोकार्पण
लोकार्पण

3
2
BUS-COUPLER